हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 सीएम हेल्पलाइन और समयावधि पत्रों की समीक्षा में अधिकारियों...



07 स्वर्णकार समाज के अंजनी माता मंदिर को लेकर विवाद, ट्रस्ट...



बंजारा समाज के लोगों ने सुवासरा थाने पहुंचकर दिया आवेदन, आरोपियों के मकान तोड़ने की मांग

चाकूबाजी के 10 दिन बाद भी मुख्य आरोपी को पकड़ नहीं पाई पुलिस, पीड़ित परिवार ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुवासरा/मंदसौर

सुवासरा कस्बे के रुनिजा रोड स्थित पावर हाउस के पास बंजारा समाज के दो पक्षों के बीच हुई चाकूबाजी की घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस कार्रवाई में सुस्ती को लेकर नाराजगी जताई है। बुधवार सुबह पीड़ित परिवार और समाजजन सुवासरा पुलिस थाने पहुंचे तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके मकान तोड़ने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा।

जानकारी के अनुसार गत दिनों रुनिजा रोड स्थित पावर हाउस के पास विक्रम बागाड़ा पर विक्रम बंजारा और उसके पुत्र द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का आरोप है। घटना के बाद बंजारा समाज में आक्रोश फैल गया था। इसके चलते रुनिजा रोड पर प्रदर्शन किया गया। अगले दिन मंदसौर रोड पर पेट्रोल पंप चौराहे पर भी करीब डेढ़ घंटे तक चक्काजाम रहा। अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया था।



चक्काजाम करने वालों पर भी दर्ज हुआ प्रकरण

पुलिस ने चक्काजाम करने, आम रास्ता रोकने और एंबुलेंस का रास्ता बाधित करने के मामले में करीब 30 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि फोटोग्राफी के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित परिवार बोला- आरोपी खुलेआम घूम रहे

पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के बाद से लगातार पुलिस अधिकारियों को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की जा रही है, लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिवार में नाराजगी है। घायल विक्रम बागाड़ा के काका भीमा बागाड़ा ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो परिवार और समाजजन दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतामऊ दिनेश प्रजापति ने बताया कि मामला गंभीर है। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की हैं। एक आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि आम रास्ता रोकना और चक्काजाम करना कानूनन अपराध है तथा ऐसा करने वालों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सुवासरा थाना प्रभारी बीडी बीरा ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे बंजारा समाज के लोग और पीड़ित परिवार थाने पहुंचे थे। उन्होंने शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए आवेदन दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस ने दिलीप पिता किशन बंजारा को गिरफ्तार किया है। न्यायालय से पांच दिन का रिमांड मिलने के बाद उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और निशानदेही के आधार पर विक्रम पिता किशनलाल बंजारा की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मांग की है कि मामले में शीघ्र कार्रवाई कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। एवं हमारे परिवार पर दर्ज प्रकरण को वापस लिया जाए।

पात्र नागरिक शिविर का लें लाभ

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 21 व 22 नवंबर तथा 5 व 6 दिसंबर को लगेंगे शिविर

नलखेड़ा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र आगर मालवा एवं सुसनेर में फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया के तहत जिले में 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर 2026 को समस्त विधानसभा क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल के एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के नवीन मतदाताओं, पात्र नागरिकों तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूट गए व्यक्तियों के नाम जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

12 नवंबर को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा

पात्र नागरिकों से विशेष शिविरों का लाभ लेने की अपील

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के दिव्यांगजनों, प्रवासियों, वरिष्ठ नागरिकों, 18-19 वर्ष आयु वर्ग के नवीन मतदाताओं तथा अन्य पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आयोजित विशेष शिविरों में पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने पात्र नागरिकों से आग्रह किया है कि वे निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का लाभ उठाएं और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

पेंशनर संगठनों ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

संयुक्त पेंशनर संगठनों के प्रांतीय आह्वान पर अपनी 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन एवं म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा मंदसौर द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर मंदसौर के माध्यम से उनके प्रतिनिधि नायब तहसीलदार नारायण चौहान को संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश नागर एवं एमपीईबी पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष खूबचंद शर्मा एवं सचिव राजेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में 28 अक्टूबर को दिया गया।

ज्ञापन में पेंशनरो की लंबित मांगों का उल्लेख करते हुए इसका शीघ्र निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन का वाचन सतीश नागर द्वारा किया गया। ज्ञापन में जुलाई 2019 से केन्द्रीय तिथि से मंहगाई राहत का नियमित भुगतान किया जाये, कुल 90 माह का बकाया एरियर, एवं जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महगाई राहत राशि एवं जुलाई 2026 से 3प्रतिशत महंगाई राहत भुगतान किया जाए, उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्णय दिनांक 31-10-2025 के अनुसार 32 माह का एरियर 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान किया जाए, सातवें वेतन आयोग के पूर्व दिनांक 1-1-2016 के पुर्व के पेंशनर्स को केंद्र सरकार के परिपत्र दिनांक 12-5-2017 के अनुसार काल्पनिक वेतन निर्धारण किया जाकर सातवें वेतन आयोग के दिनांक 1-1-2016 से 31-3-2018 तक 27 माह का एरियर का भुगतान किया जाए, शासकीय कर्मचारीयों एवं पेंशनर्स के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की जाए, पेंशनर्स प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला और संभागीय स्तर पर पेंशन कार्यालय पुनः यथावत रखें जाए, प्रदेश के पेंशनर्स को हिमाचल प्रदेश सरकार के अनुरूप अतिरिक्त पेंशन 65 वर्ष के प्रारंभ पर 5 प्रतिशत, 70 पर 10 प्रतिशत ,75 पर 15 प्रतिशत तथा 80 वर्ष के प्रारंभ से ही 20 प्रतिशत तथा आगे शासन के आदेशानुसार स्वीकृत किया जाए, विधुत मंडल के पेंशनर्स को पेंशन की गारंटी दी जाये तथा जिला कोषालय से पेंशन भुगतान की व्यवस्था की जाए, सेवा



निवृत्त पेंशनर्स को जिनकी सेवा 35 वर्ष हों चुकी है उन्हें चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाए, पेंशन सारांशीकरण की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 11 वर्ष 9 माह की जाए, शिक्षको को पात्रतानुसार अर्जित अवकाश के नगदीकरण का लाभ दिया जाए, पेंशनर्स कल्याण मण्डल, पेंशनर्स फोरम, संभागीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति की, वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत समिति का गठन का निर्देश दिए जाये, नियमित बैठक आमंत्रित की जाये, जहां समिति गठित नहीं हुई है उस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए जाए, पेंशन - एन पी एस और यूपीएस के स्थान पर ओपीएस लागू की जाये आदि का उल्लेख करते हुए उनका जल्द निराकरण करने की मांग शासन से की गई। साथ ही जिला स्तर की मांगों का ज्ञापन भी दिया गया।

इस अवसर पर डीके जैन, कन्हैयालाल सोनगरा, ओमप्रकाश मिश्रा, सुभाषचन्द्र बुगदे, श्यामलाल परमार, कैलाश उपाध्याय, सतीश कुमार कापरेले, केसी श्रीवास्तव, जगदीश सोनी, प्रहलाद मालवीय, शांतिलाल, राजेन्द्र वाडेल, जगदीश नागर, चांद मोहम्मद, बाबूलाल कंठाली, हेमन्त जैन, निसार मोहम्मद मंसूरी, दिनेश श्रोत्रिय, भूपेन्द्र तिवारी, राधेश्याम माली, केएल कुमावत, आरसी मालवीय, अभय कुमार जैन, एसएम जैन, बालमुकुंद बिलोदिया, औंकारलाल चौधरी, जगदीशचन्द्र सलोद, गोपाल चावड़ा, एसके जोशी, सीएस नाराणिया, अर्जुन झलोया, विनोद भाना, रमेशचन्द्र शर्मा, राजेन्द्रसिंह तोमर, एससी पारिख, महेन्द्रसिंह तोमर, पीसी जोशी, शंकरलाल रूपावत आदि उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन के एल 1 व एल 2 अधिकारियों का जिला स्तरीय सेवोत्तम प्रशिक्षण संपन्न

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले में सुशासन एवं जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना के निर्देशन में सीएम हेल्पलाइन के एल 1 एवं एल 2 अधिकारियों का जिला स्तरीय सेवोत्तम प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बुधवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कमल मंडलोई, देव कंवर सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित सभी अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक लखन सिंह सिसोदिया ने मास्टर ट्रेनर के रूप में सीएम हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, एल 1 एवं एल 2 स्तर पर अधिकारियों की भूमिका एवं दायित्वों, शिकायतों के समयबद्ध निराकरण, लंबित शिकायतों की समीक्षा तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।





कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अद्यतन किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ता से समुचित संवाद स्थापित कर उसकी समस्या का निराकरण किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता में सुधार लाना, अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

दलौदा में 30 अक्टूबर को आयोजित होगा शिविर

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के दलौदा में 30 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले शिविर में जन समस्याओं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर में जनप्रतिनिधि तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर को दलौदा में जन संवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, महिला बाल विकास आदि शासन के विभागों के अंतर्गत आने वाली समस्याओं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा क्षेत्र के नागरिकों ग्रामीणों से अपील की गई है कि शिविर में आकर अपनी समस्याओं का हल करवाए। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत अधिकारियों द्वारा जिन ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा उनमें दलौदा चोपाटी, दलौदारेल, फतेहगढ़, आक्याउमाहेड़ा, पाड़लियालालमुंहा, पटेला, कचनारा, बाबरेचा, लदूसा, एलची, दलोदासगरा, बाग्या, चांदाखेड़ी, निम्बोद, देहरी, मजेसरा, सगवाली, रीछालालमुंहा, खजूरिया, सारंग, सरसोद, गुराडियास्याह, खोड़ाना, लसुडिया ईला, सेमिलया हीरा क्षेत्र शामिल है।

शिशु मंदिर में दीप सजाओ प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर मुखर्जी परिसर में दीपावली पर्व से पूर्व भैया-बहनों के लिए दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में भैया-बहनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने मिट्टी के दीयों को रंग-बिरंगे रंगों, सितारों, कागज और प्राकृतिक सामग्री से आकर्षक रूप से सजाया। बच्चों की कलात्मक प्रतिभा देखते ही बनती थी। उत्सव प्रभारी नीता जैन व विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, त्योहारों के महत्व और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति जागरूक करना है। दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का पर्व है। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।



विश्व हिंदू परिषद की जावरा, ताल व पिपलोदा प्रखंड की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ किशनगढ़ ताल

विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत की योजना से जावरा जिले के सभी प्रखंडों की बैठक 22 से 31 अक्टूबर के मध्य करना तय हुआ। जिसको लेकर बुधवार को जावरा प्रखंड, ताल प्रखंड एवं पिपलोदा प्रखंड की बैठकर क्रमशः अकेला हनुमान मंदिर जावरा, रामद्वारा ताल एवं हनुमान मंदिर बोरखेड़ा पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम राम दरबार भारत माता पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में मंदसौर विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला का मार्गदर्शन मिला। बैठक में मासिक प्रखण्ड अभ्यास वर्ग, विगत कार्यक्रमों की चर्चा, हितचिन्तक अभियान, आयामों के कार्य, जिले से पालक व्यवस्था एवं प्रखण्ड से खण्ड पालक व्यवस्था एवं सूची, प्रखण्ड की वार्षिक योजना बैठक, विभिन्न वर्गों की जानकारी, वर्ग किये हुए कार्यकर्ताओं की सूची त्यार करना, नैतिक शिक्षा, घर वापसी, धर्म प्रसार पर चर्चा, गौ सम्मान अभियान की योजना एवं समीक्षा, विस्तारक की सूची एवं योजना बनाना, हित चिन्तक अभियान एवं सम्मेलन की योजना, धर्म रक्षा दिवस, शौर्य दिवस, अशोक सिंघल 100 वर्ष एवं संत रविदास 650 जन्म जयंती की चर्चा एवं कार्यक्रम योजना, सत्संग, संस्कारशाला, मिलन, शक्ती साधना केन्द्र, सेवा प्रकल्प आदि विषयों पर चर्चा एवं योजना बनी।

बैठक में जावरा जिला अध्यक्ष नंदलाल पाटीदार, जिला मंत्री तूफान सिंह यादव, जिला धर्म यात्रा माह संघ प्रमुख मधुसूदन पाटीदार, सह धर्मप्रसार प्रमुख विनोद पाटीदार, सुरक्षा प्रमुख विकास, सह सुरक्षा प्रमुख विनोद पाटीदार, जावरा प्रखंड अध्यक्ष पूर्णेन्दु जोशी, जावरा प्रखंड मंत्री सुनील पाठक, ताल प्रखंड अध्यक्ष पूर सिंह, ताल प्रखंड मंत्री अनिल माली, पिपलोदा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पांडे, पिपलोदा प्रखंड मंत्री सचिन बोडाना और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड, खंड एवं ग्राम समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिलाएं पति की दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना के साथ करेंगी निर्जला व्रत

प्रेम दाम्पत्य का अनूठा पर्व करवा चौथ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विश्व में भारतवर्ष पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्सव के देश के रूप में जाना जाता है। देश में मनाए जाने वाले हर त्यौहार एवं उसमें गुंथी रस्में जीवन का कोई न कोई महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती है। करवा चौथ का त्यौहार कार्तिक माह की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र व परिवार में सुख-समद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत कर, रात्रि में पूजन कर, छलनी से चांद को निहारकर अध्य देती हैं। प्रेम दाम्पत्य के इस अनूठे पर्व पर चांद को साक्षी मानकर की जाने वाली हर रस्म के माध्यम से यही संदेश मिलता है कि किस प्रकार इस जन्मजन्मांतर के संबंध को और अधिक प्रगाढ बनाया जाए। नगर में करवा चौथ का यह त्यौहार आज गुरुवार को मनाया जाएगा।

मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर द्रौपदी ने करवाचौथ का व्रत रखा था। इसी करवाचौथ व्रत से पांडवों को महाभारत युद्ध में विजय मिली थी। करवा चौथ के इस व्रत के दौरान सिर्फ चंद्रमा ही नहीं, चतुर्थी के देवता गणेश जी के अलावा शिव-पार्वती, कार्तिकेय की पूजा भी की जाती है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की प्रार्थना को लेकर व शादी योग्य युवतियां अच्छे वर की कामना को लेकर दिन भर निर्जल व्रत रहतीं है, शाम को चांद निकलने पर उसका दर्शन-पूजन कर व्रत का पारणा किया जाता है। पति की लंबी उम्र की कामना का पर्व करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस त्यौहार के लिए महिलाएं तैयारी में जुटी हुई है। बाजार गुलजार हो गए महिलाओं ने खरीददारी शुरू कर दी। करवा चौथ के पर्व पर बाजार में मिट्टी के बने आधुनिक करवा, पूजन सामग्री की दुकान भी सज गई है। वहीं करवा चौथ पर्व से पहले सराफा, साड़ी का बाजार भी गुलजार हो गया है। दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही है। इस व्रत में महिलाएं नई साड़ी पहनकर व सोलह श्रृंगार कर पूजा करती है। करवा चौथ के इस पूजन के लिए नगर में कई स्थानों पर दुकाने सजी हुई है। जहां पहुंचकर सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा के साथ-साथ करवा चौथ की पूजन की पुस्तक खरीदी जा रही है। वहीं नगर के विभिन्न मोहल्लो में भी करवा की बिक्री हैतू हाथ ठेले पर दुकान सजा कर इसका व्यवसाय करने वालो द्वारा बिक्री की जा रही है।





ब्यूटी पार्लर पर हाउसफुल बुकिंग

करवा चौथ पर महिलाएं आधुनिक तरीके से सजने संवरने लगी हैं इसके लिए वे ब्यूटी पार्लर का रुख कर रही हैं। नगर के विभिन्न पार्लरों पर पर्व से पूर्व ही एडवांस बुकिंग हो चुकी है।

खबर संक्षेप

थाना सोनकच्छ पुलिस ने अवैध शराब जब्त की

सोनकच्छ। थाना सोनकच्छ पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुर्गा दर्शक पान भंडार से 11 लीटर से अधिक शराब जब्त की है। मामले में दुकान संचालक कुलदीप बुनकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक राकेश दंडोतिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तलाशी में दुकान से देशी व अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांड के क्वार्टर मिले, जिनकी कुल कीमत करीब 8700 रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

देवास। मिश्रीलाल नगर में 27 वर्षीय मानसी पाटीदार की फांसी लगाने से मौत हो गई। मंगलवार सुबह 6.30 बजे पति नरेश पाटीदार ने उसे किचन में साड़ी के फंदे पर लटका देखा। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मानसी की शादी साल 2019 में नरेश पाटीदार से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। मानसी का मायका इंदौर में है, जबकि पति नरेश फाइनेंस का काम करते हैं। सिविल लाइन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद इंदौर से आए मायके पक्ष के परिजनों ने मानसी की मौत को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलने परपुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति संभाली। थाना प्रभारी विजय लोधी ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

निर्माण कार्यों में देरी पर आयुक्त नाराज, ठेकेदारों पर पेनल्टी और ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन और समयावधि पत्रों की समीक्षा में अधिकारियों को लगाई फटकार

निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समयावधि पत्रों की समीक्षा में दिखाई सख्ती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने निगम बैठक हॉल में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समयावधि पत्रों, सीएम हेल्पलाइन और शासन को भेजी जाने वाली जानकारियों की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ देने के कार्यों में प्रगति नहीं होने और समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम स्वनिधि, अनुग्रह सहायता और क्रेडिट कार्ड सहित श्रमयोगी मानधन योजना के तहत हितग्राहियों को लाभ वितरण की समीक्षा की गई। आयुक्त ने 25 हजार से 50 हजार रुपए तक की राशि के लंबित प्रकरणों को जल्द पूरा करने तथा क्रेडिट कार्ड के आवेदन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला पहुंचाने, श्वानों के एबीसी और एबीसी सेंटर की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। सड़कों पर पालतू गोवंश छोड़ने वाले पशुपालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर अर्थदंड लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निर्माण कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी

होटल, रेस्टोरेंट और शेष मैरिज गार्डनों के खातों में सुधार तथा कंपाउंडिंग के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने प्रगति बढ़ाने को कहा। उन्होंने सभी उपयंत्रियों को अपने-अपने वार्डों में कंपाउंडिंग के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। संपत्तिकर वसूली की समीक्षा के दौरान अपेक्षित वसूली नहीं होने और जीरो रसीद की स्थिति पर भी नाराजगी व्यक्त की। उपायुक्त पटेल को संपत्तिकर की राशि जमा कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत निर्माण और सड़क कार्यों में बिजली के पोल एवं डीपी शिफ्टिंग सहित अन्य कार्यों में देरी पर आयुक्त ने अप्रसन्नता जताई। उन्होंने कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती और सहायक यंत्री जगदीश वर्मा को संबंधित ठेकेदार से जल्द काम पूरा कराने के निर्देश दिए। एमआर-13 के टेंडर में निर्धारित कार्यों के साथ ही पोल शिफ्टिंग और पुलिया निर्माण का काम भी कराने को कहा।

ट्रीटेड पानी का होगा उपयोग

आयुक्त ने तीनों एचटीपी से निकलने वाले ट्रीटेड पानी के उपयोग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इसका उपयोग उद्यानों, डिवाइडरों, सड़क निर्माण और अन्य निर्माण कार्यों में किया जाए। इसके लिए संबंधित ठेकेदार कंपनी को 50 रुपए की रसीद कटवाकर पांच हजार लीटर क्षमता वाले टैंकर से ट्रीटेड पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस कार्य की जिम्मेदारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, उद्यान प्रभारी और सहायक यंत्री जगदीश वर्मा को सौंपी गई। एमजी रोड निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने संबंधित उपयंत्री को ठेकेदार से निर्धारित समयसीमा में काम पूरा कराने के निर्देश दिए। धीमी गति से काम करने पर ठेकेदार को सूचना पत्र जारी करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण के दौरान पेयजल लाइन, सड़क या चैंबर को नुकसान पहुंचाने पर संबंधित ठेकेदार पर भारी पेनल्टी लगाई जाए।

लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

सांसद एवं विधायक निधि से होने वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि काम में विलंब और लापरवाही करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। सांसद निधि के निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार की टेंडर राशि राजसात करने और उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई के निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिए। बैठक के अंत में आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और समयावधि पत्रों का निर्धारित समय में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों और निर्माण कार्यों की प्रगति पर नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर सुविधाएं मिल सकें।

पोलाय जागीर से डकाच्या फाटे तक कांग्रेस का पैदल मार्च

सड़क के गड्ढों में लगाए बेशरम के पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

पोलाय जागीर से डकाच्या फाटे तक जर्जर सड़क के निर्माण सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। करीब चार किलोमीटर तक निकाले गए इस मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और किसान शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क के गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाए और डकाच्या फाटे पर धरना दिया।

इसके बाद नायब तहसीलदार जागृति जाट को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। जिला महामंत्री एवं भौरासा ब्लॉक प्रभारी दिलीप यादव तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव ने कहा कि सड़क के गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाने का उद्देश्य सरकार को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से सड़क की समस्या बनी हुई है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, पूर्व मंत्री एवं सोनकच्छ के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस मार्ग का निर्माण कराया गया था। इसके बाद से सड़क का दोबारा निर्माण नहीं होने के कारण अब इसकी हालत जर्जर हो चुकी है। नेताओं ने यह भी कहा कि क्षेत्र के लोगों ने पहली बार विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष और सरपंच सहित विभिन्न पदों पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों को चुना था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सरकार और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गांवों का विकास होगा, लेकिन सड़क सहित अन्य समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। ज्ञापन में पोलाय जागीर से डकाच्या फाटे तक सड़क का डामरीकरण कराने, किसानों के खेतों तक नर्मदा का पानी पहुंचाने, देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, किसानों का कर्ज माफ करने तथा घरेलू और कृषि बिजली बिल माफ करने की मांग की गई। प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य बने सिंह अस्थाया, विजय परमार, सौदान सिंह, अजय जैन, सुरेंद्र कप्तान, रविंद्र दागिया, राजेंद्र यादव, जीवन सिंह ठाकुर, कांतिलाल यादव सहित बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

85 विद्यार्थियों ने किया थाने का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में उच्च शिक्षा विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय दिवस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यार्थियों को पुलिस कोतवाली थाना देवास का भ्रमण कराया गया। आईक्यूएसी के सौजन्य से आयोजित यह भ्रमण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस.अनारे एवं मुख्य एएसपी ग्रामीण सौम्या जैन के निर्देशन में किया गया। इस भ्रमण में महाविद्यालय के कुल 85 विद्यार्थियों ने देवास शहर कोतवाली थाने का भ्रमण कर पुलिस द्वारा थाने में की जाने वाली कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने विद्यार्थियों को डायल 112, साइबर क्राइम, एफ आई आर की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उपनिरीक्षक सुश्री रमनदीप हुन्दल ने थाने के अंदर होने वाली कार्रवाई के साथ-साथ अपराधी सेल, रिमांड रूम, पुलिस कस्टडी, न्यायिक कस्टडी आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी प्रो. राकेश कोटिया, प्रो.ललिता गोरे, डॉ.संजय गाड़गे, डॉ.लीना दुबे, प्रो.रजत राठौर , डॉ.माया ठाकुर, प्रो.दीपक अटाडीया एवं प्रो.जितेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

मीना बाजार में होगा अखिल भारतीय मुशायरा

देवास। 90वीं दशहरा कृषिकला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 31 अक्टूबर को अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम देवास द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड स्थित मीना बाजार मंच पर होगा। इसमें देशभर के ख्यातनाम शायर अपनी शायरी प्रस्तुत करेंगे।महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि मुशायरे में रामपुर के शहजादा गुलरेज, कानपुर के जौहर कानपुरी, हैदराबाद के आरिफ सैफी, देवबंद के नदीम शाद, चेन्नई के के. मो. इल्यास राहत हरारत, असरार चंदरवि, दिल्ली के आदिल रसीद, इंदौर के सतलज राहत, प्रयागराज के शैलेन्द्र मधुर, सिद्धार्थनगर के मो. अर्षद, खरगोन के कयामुद्दीन कयाम, जबलपुर के मकबूल अहमद जफर, अमरावती के डॉ. जाहिद नैयर और नागपुर के इमरान फैज अपनी शायरी से श्रोताओं को रूबरू कराएंगे। इनके साथ सृष्टि सिंह बघेल और दिल्ली की ज्योति शर्मा भी अपनी प्रस्तुतियां देंगी।कार्यक्रम का संचालन रुड़की के सुप्रसिद्ध शायर अल्तमश अब्बास करेंगे। आयोजकों को उम्मीद है कि मुशायरे में शेर-ओ-शायरी के शौकीनों को देश के नामचीन शायरों को सुनने का अवसर मिलेगा।समिति अध्यक्ष मुस्तफा अंसार अहमद हाथी वाले एवं बाली घोसी ने शेर-ओ-शायरी और छंद प्रेमियों से मीना बाजार मंच पर आयोजित इस अखिल भारतीय मुशायरे में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

आबकारी विभाग ने प्रतापनगर और अंबेडकर नगर में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए प्रतापनगर और अंबेडकर नगर में दबिश दी। बुधवार को की गई इस कार्रवाई में विभागीय टीम ने 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 2700 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 76 हजार रुपए बताया गया है। मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत छह प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सहायक आबकारी आयुक्त राकेश कुमार कुर्मी के मार्गदर्शन में जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा गठित टीमों ने शहर के प्रतापनगर और अंबेडकर नगर सहित संदिग्ध स्थानों पर तलाशी ली।कार्रवाई के दौरान हाथ भट्टी मदिरा के साथ बड़ी मात्रा में महुआ लाहन बरामद हुआ। आबकारी विभाग ने जब्त सामग्री की कीमत करीब 2.76 लाख रुपए आंकी है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे, आबकारी उपनिरीक्षक महेश पटेल, प्रेम यादव, कैलाश जामोद, गोकुल प्रसाद मेघवाल, रोहित मुकाती, योगेंद्र सिंह ठाकुर, अरविंद सोलंकी और राजाराम रैकवार सहित अन्य शामिल रहे।

अरिहंत पब्लिक स्कूल में हुआ शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



आईसेक्ट रीजनल ऑफिस, इंदौर के तत्वावधान में मंगलवार को कौशल विकास यात्रा एव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लिटरेसी मिशन - 2026 की शुरुआत अरिहंत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल चापड़ा से की गई। जहां पर उक्त यात्रा के अंतर्गत ए आई कौशल मंथन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या स्नेहा मंडला ने अपने उद्बोधन में कौशल विकास एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय प्रबंधक अभिजीत चौबे द्वारा उपस्थित 120 छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भविष्य में उपयोगिता, उसके सही उपयोग के महत्व तथा आईसेक्ट के 41 वर्षों के गौरवशाली सफर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आईसेक्ट लर्न और AI युवा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को समझाया गया। प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर राहुल चौधरी द्वारा युवाओं को रोजगारोन्मुखी योजनाओं एवं अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव समीर चतुर्वेदी द्वारा आईसेक्ट के उत्पादों - ब्रेनी बेयर, बलशाली पाइप, सेवा केंद्र आदि के बारे में अवगत कराया गया।कार्यक्रम के अंत में कौशल विकास यात्रा के अंतर्गत पूर्व में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार, सर्टिफिकेट एवं मेडल वितरित किए गए। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक एवं ब्रांच विजिट का आयोजन किया गया, जिसमें आईसेक्ट के नवीन कार्यों से अवगत कराया गया, ब्रांच स्तर की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रवि पाटीदार द्वारा की गई एवं कार्यक्रम का संचालन संजय राठौर एवं अशोक पाटीदार द्वारा किया गया।

सम्मान समारोह में पं. संदीप शास्त्री सम्मानित

देवास। आचार्य गिरीश सामाजिक कल्याण समिति एवं नक्षत्र कुटी ज्योतिष-वास्तु-कर्मकांड शोध संस्थान के तत्वावधान में इंदौर प्रेस क्लब में वेदांत वार्ता महोत्सव एवं विशिष्ट ज्योतिष सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देश-विदेश से पधारे अनेक विद्वानों, संतों एवं धर्माचार्यों ने सहभागिता की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भागवताचार्य इन्द्रेश उपाध्याय, रामगोपाल दास महाराज तथा महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मिथिला प्रसाद त्रिपाठी पूर्व राज्य मंत्री योगेंद्र महंत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

गरबा व शरद पूर्णिमा महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शारदीय गरबा उत्सव समिति द्वारा मंगलवार को गंगा पैराडाइज मैरिज गार्डन में गरबा एवं शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। महिलाओं और बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा प्रस्तुत कर पूरे परिसर को उत्साह और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं एबीकेएम की महिला प्रदेश अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण नवयुग उत्सव समिति, जयप्रकाश नगर में विगत 16 वर्षों से गरबा प्रशिक्षण दे रहीं रेणु खरे के गरबा ग्रुप की शानदार प्रस्तुतियां रहीं। ग्रुप की महिलाओं ने हाथों में दीप लेकर बंगाली वेशभूषा में मां काली की आरती प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सुधा पाटीदार ने अपने अनूठे अंदाज में किया। कार्यक्रम के समापन पर शरद पूर्णिमा की परंपरा के अनुसार सभी उपस्थित लोगों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

मातृ एवं शिशु सुरक्षा के लिए शुरू हुआ 'हेलो माई' प्रोजेक्ट

नवाचार: कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने, मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा प्रसव पूर्व देखभाल को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देवास जिला प्रशासन द्वारा तकनीक आधारित एक अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने मंगलवार को 'हेलो माई' (Hello MAA'AI) प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट अमलतास समूह के सीएसआर सहयोग से संचालित होगा। इसकी एप पिक्सल एनएक्स कंपनी के माध्यम से तैयार की गई है।स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं के पास सीधे ऑटोमेटेड एआई वॉयस कॉल पहुंचेगी। ग्रामीण अंचल की महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे 'वॉयस-फर्स्ट' मॉडल पर तैयार किया गया है, जिसके लिए लाभार्थी महिला को किसी स्मार्टफोन, मोबाइल ऐप या इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होगी; सामान्य कीपैड फोन पर भी सरल हिंदी में संवाद संभव होगा।

कॉल के दौरान गर्भावस्था की प्रत्येक तिमाही के अनुसार महिलाओं से उनके स्वास्थ्य, पोषण, आवश्यक चिकित्सीय जांचों, सावधानियों, डिलीवरी की पूर्व तैयारियों और टीकाकरण से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। महिलाओं द्वारा दिए गए उत्तरों और फीडबैक को सिस्टम में स्वतः दर्ज कर विश्लेषित किया जाएगा। यदि बातचीत के दौरान किसी महिला में कोई गंभीर लक्षण या जोखिम (हाई-रिस्क) की स्थिति सामने आती है, तो सिस्टम तुरंत अलर्ट जनरेट कर संबंधित एएनएम, आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को सूचित करेगा, जिससे समय रहते व्यक्तिगत चिकित्सकीय सहायता और आवश्यक फॉलो-अप सुनिश्चित किया जा सके।प्रशासनिक स्तर पर सतत निगरानी के लिए अधिकृत स्वास्थ्य अधिकारियों को एक केंद्रीकृत रियल-टाइम डैशबोर्ड उपलब्ध कराया गया है, जहां कॉल स्टेटस, महिलाओं का फीडबैक और पेंडिंग फॉलो-अप केस एक ही स्थान पर देखे जा सकेंगे। नियमित व रूटीन रिमाइंडर्स की प्रक्रिया ऑटोमेट होने से जमीनी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का समय बचेगा और वे गंभीर मामलों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह नवाचार बेहतर संवाद, समय पर जांच की याद दिलाने और फॉलो-अप को सुगम बनाने के लिए है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि इस नवाचार के जरिए हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की मनोरंग करना बेहद आसान होगा। साथ ही आशाओं का वर्क लोड भी कम होगा। स्वास्थ्य विभाग को आशाओं की मानिटरिंग करने में मदद मिलेगी।

सेठ मन्नूलाल गर्ग की स्मृति में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्व. सेठ मन्नूलाल गर्ग की जयंती के अवसर पर मंगलवार को कैला देवी मंदिर उत्सव समिति द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ समिति संयोजक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव, महामंत्री राजेश यादव, मुख्य आयोजक दीपक गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवि सम्मेलन के सूत्रधार उज्जैन के सुरेंद्र सर्किट ने अपनी हास्य-व्यंग्य शैली से माहौल को खुशनुमा बनाया। उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय कवि राव अजात शत्रु ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। मेरठ की कवयित्री डॉ. शुभम त्यागी ने मां की वंदना के साथ श्रृंगार रस की रचनाएं प्रस्तुत कीं। वहीं, कोटा के हास्य कवि अर्जुन अल्हड़ ने अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। जबलपुर की कवयित्री एवं टीवी एंकर सुनीता पटेल ने मां की शक्ति और देवी महिमा पर आधारित रचनाओं के साथ श्रृंगार रस की कविताएं प्रस्तुत कीं। अंत में जयेश गर्ग और हितेश गर्ग ने आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

मध्यस्थता अभियान 3.0 निस्तारित होंगे लंबित मुकदमे

ललितपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में देशभर में राष्ट्रीय



मध्यस्थता अभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का अधिकाधिक संख्या में सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण कराना तथा आमजन को सस्ता, सरल और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव कुमार-तृतीय के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय में भी अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 अगस्त से 30 दिसंबर तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता के लिए संदर्भित करने के संबंध में सभी न्यायालयों को पत्र भेजे गए हैं, ताकि अधिक से अधिक वादकारी इस पहल का लाभ उठा सकें। मध्यस्थता के जरिए पक्षकार आपसी बातचीत और सहमति से विवाद का समाधान कर सकते हैं। सचिव ने बताया कि मध्यस्थता प्रक्रिया से विवादों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करने में भी मदद मिलती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों के समाधान के लिए राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0 का लाभ उठाएं और सुलह-समझौते के माध्यम से मामलों का निस्तारण कराने की पहल करें।

फर्जी खतौनी दिखाकर 13 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

ललितपुर। जमीन की खरीद-फरोख्त में कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने कूटरचित खतौनी दिखाकर खुद को पूरी जमीन का मालिक बताया और पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक से 13 लाख रुपये लेकर जमीन का बेनामा करा दिया। बाद में नामांतरण की प्रक्रिया के दौरान पता चला कि संबंधित गाटा संख्या की आधी जमीन आरोपी की मां के नाम दर्ज है। शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम पनारी निवासी सौरभ यादव पुत्र डॉ. पारस नाथ यादव, जो पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक हैं, ने शिकायत में बताया कि मार्च 2019 में मऊरानीपुर, जनपद झांसी निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र स्व. मनीशंकर उनके पास आया था। आरोप है कि राजेंद्र ने ग्राम मऊमाफी, तहसील एवं जिला ललितपुर स्थित गाटा संख्या 297/3 की कुल 2.752 हेक्टेयर भूमि, यानी करीब 6.80 एकड़, का स्वयं को एकमात्र स्वामी और काबिज बताते हुए घरेलू आवश्यकता के लिए जमीन बेचने की इच्छा जताई। राजेंद्र कुमार ने जमीन के स्वामित्व के प्रमाण के तौर पर खतौनी की एक नकल दिखाई। आरोप है कि दस्तावेज पर विश्वास करके पहलवान गुरुदीन स्मारक शिक्षण सेवा संस्था के नाम जमीन का सौदा तय कर लिया गया। इसके बाद 12 अप्रैल 2019 को उपनिबंधक कार्यालय में जमीन का पंजीकृत बेनामा कराया गया। बताया गया है कि सौदे के एवज में पंजाब नेशनल बैंक की विकास भवन शाखा, ललितपुर के माध्यम से पांच लाख और आठ लाख रुपये के दो चेक दिए गए। इस प्रकार कुल 13 लाख रुपये का भुगतान किया गया। आरोप है कि बाद में राजेंद्र कुमार ने आठ लाख रुपये का चेक खो जाने की बात कहकर शिकायतकर्ता से दोबारा आठ लाख रुपये नकद भी ले लिए। जब वह जमीन के नामांतरण के लिए लेखपाल के पास पहुंचे, तब भूमि के वास्तविक स्वामित्व की जानकारी सामने आई। लेखपाल ने बताया कि गाटा संख्या 297/3 में राजेंद्र कुमार के नाम 1.376 हेक्टेयर यानी करीब 3.40 एकड़ जमीन दर्ज है। शेष 1.376 हेक्टेयर भूमि उनकी मां उर्मिला के नाम दर्ज है।

हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के अनुपालन की मांग

स्वर्णकार समाज के अंजनी माता मंदिर को लेकर विवाद, ट्रस्ट ने उठाए सवाल

किराया वसूली के निर्देशों पर जताई आपत्ति, निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालबेहट (ललितपुर)



कस्बा तालबेहट के पूराकलां बस स्टैंड तिराहा स्थित अंजनी माता मंदिर और उससे संबंधित भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अंजनी माता मंदिर स्वर्णकार समाज सेवा ट्रस्ट समिति ने इस मामले में उपजिलाधिकारी तालबेहट को ज्ञापन सौंपकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। वहीं, मंदिर से जुड़े विवाद को लेकर स्वर्णकार समाज में कथित हस्तक्षेप और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

समाज की ओर से मांग की जा रही है कि मामले में निष्पक्षता बरती जाए और सभी पक्षों के साथ समान व्यवहार किया जाए। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जयकुमार सोनी, शंकरलाल सोनी, श्रीराम सोनी, मनोज सोनी कक्का, विजय किशोर सोनी, शरद सोनी संपादक, विजय सोनी बबलू, बल्लन सोनी, महेंद्र स्वालखिया, महेंद्र सोनी, राजेश सोनी, हनी सोनी, शिवम सोनी, विवेक सोनी एवं केशव सोनी सहित समाज के कई अन्य गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर ट्रस्ट ने जताई आपत्ति

ट्रस्ट के प्रबंधक जुगल किशोर सोनी की ओर से सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, मंदिर एवं संबंधित भूमि को लेकर विवाद के संबंध में हाईकोर्ट में रिट याचिका संख्या 2092/2025 दाखिल की गई थी। इस मामले में 30 मई 2025 को पारित अंतरिम आदेश में न्यायालय ने अग्रिम आदेश तक संबंधित आराजी संख्या 7310, रकबा 0.065 हेक्टेयर पर याचिकाकर्ता के कब्जे में हस्तक्षेप करने से प्रतिवादियों को रोका था। आदेश में राजस्व परिषद को पुनरीक्षण का निर्णय लेने से छूट भी दी गई है। ट्रस्ट का आरोप है कि अंतरिम आदेश के बावजूद संबंधित कार्यालय की ओर से किराएदारों को किराया जमा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। समिति का दावा है कि संबंधित मंदिर और भूमि पर उसका कब्जा है तथा किराया प्राप्त करने का अधिकार भी उसी का है। इसी आधार पर ट्रस्ट ने प्रशासन से न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

आखिर स्वर्णकार समाज का मंदिर ही विवादों में क्यों?

इस प्रकरण को लेकर स्वर्णकार समाज के लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि तालबेहट में विभिन्न समाजों के धार्मिक स्थल मौजूद होने के बावजूद अंजनी माता मंदिर को लेकर ही बार-बार विवाद क्यों सामने आ रहा है? समाज की ओर से यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि क्या संबंधित मंदिर और भूमि के मामले में सभी पक्षों के साथ समान मानदंड अपनाए जा रहे हैं। समाज के लोगों की मांग है कि यदि मंदिर और भूमि से संबंधित कोई कानूनी या राजस्व विवाद है, तो उसका निस्तारण उपलब्ध अभिलेखों, न्यायालय के आदेशों और लागू कानून के आधार पर किया जाए। किसी भी समाज की धार्मिक या सामाजिक संपत्ति को लेकर कार्रवाई में भेदभाव की आशंका नहीं रहनी चाहिए।

योगी सरकार में निष्पक्षता की अपेक्षा

प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में कानून के शासन और निष्पक्ष प्रशासनिक कार्रवाई की अपेक्षा की जाती है। ऐसे में अंजनी माता मंदिर से जुड़े मामले में प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। ट्रस्ट की शिकायत और हाईकोर्ट के आदेश के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे पूरे प्रकरण की विधिक स्थिति स्पष्ट करें और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करें।

प्रशासन का रुख स्पष्ट होना जरूरी

मंदिर और भूमि से जुड़े विवाद में ट्रस्ट की ओर से लगाए गए आरोपों के साथ दूसरे पक्ष का पक्ष भी सामने आना जरूरी है। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि किराया जमा कराने के निर्देश किस आधार पर दिए गए और उनका हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश से क्या संबंध है। प्रशासन की आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। अब सवाल यह है कि अंजनी माता मंदिर से जुड़े विवाद का निष्पक्ष समाधान कब होगा और स्वर्णकार समाज की शिकायतों पर प्रशासन क्या कदम उठाएगा? फिलहाल ट्रस्ट ने उपजिलाधिकारी से न्यायालय के आदेश का पालन कराने और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

सहकारी बैंक कर्मचारी हड़ताल पर

समितियों से खाद लेना शुरू करें किसान: जिलाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में किसानों को खाद एवं उर्वरक की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर और मुस्तैद है। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व, कृषक हितैषी निर्णयों और मजबूत प्रशासनिक कमान के दृष्टिगत, किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने और सुलभ तरीके से खाद उपलब्ध कराने के लिए धरातल पर कड़े कदम उठाए गए हैं। वर्तमान में सहकारी समितियों पर सचिवों की हड़ताल के कारण खाद वितरण में उत्पन्न हुई तात्कालिक असुविधा को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष टीमों की सीधी निगरानी में तहसीलवार समितियों पर सुचारु रूप से खाद का वितरण शुरू करा दिया गया है। ललितपुर तहसील अंतर्गत पिपरई, थनवारा, दैलवारा, कल्यानपुरा, बिरधा, ललितपुर, बुधवार संघ, लागौन, रोड़ा, एवं क्रय-विक्रय ललितपुर पर खाद वितरण सुचारू है, इसी प्रकार तालबेहट तहसील में पूरा कला, सुनौरा, देवरान, बाँसी, सेरवांस कला, खोंदी, बिजरौठा, सिरसी, वनगुवाँ कला, एवं चुनगी धनगौल में खाद वितरण हो रहा है। पाली तहसील में बालाबेहट, महरौनी तहसील में महरौनी, क्रय-विक्रय महरौनी, गुढ़ा, बानपुर, कैलागुवाँ, एवं बिल्ला तथा मडावरा तहसील में सौरई, मडावरा, गिदवाहा, एवं धौरीसागर में खाद वितरण सुचारू है।

जिलाधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी तरह से परेशान या चिंतित न हों। जनपद में खाद और उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और इसका स्टॉक निरंतर बना हुआ है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे खाद की उपलब्धता को लेकर सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर फैलने वाली किसी भी तरह की भ्रामक खबरों और अफवाहों से बचें तथा उन पर बिल्कुल ध्यान न दें। जिला प्रशासन हर कदम पर अन्नदाताओं के साथ खड़ा है और उनकी सहूलियत के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी कृषक बंधु उक्त चिन्हित समितियों पर जाकर अपनी आवश्यकतानुसार खाद प्राप्त करना शुरू कर दें। शेष समितियों पर भी जल्द खाद वितरण व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती व जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर

फूलों के गुलदस्ते की तरह सभी समाजों को स्थान देती बसपा : रामबाबू चिरगैयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी की जिला समीक्षा बैठक पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगैयां ने कहा कि बसपा सर्वसमाज की पार्टी है, जो फूलों के गुलदस्ते की तरह सभी समाजों को स्थान देती है। विभिन्न वर्गों की सहभागिता से संगठन की सुंदरता और मजबूती बढ़ती है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रियता, अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। संगठन की मजबूती जनता के बीच निरंतर संपर्क और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर निर्भर करती है। जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने संगठनात्मक समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बेहतर तालमेल बनाए रखने तथा पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन के विस्तार, जनसंपर्क गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान रघुनाथ अहिरवार, दीपक अहिरवार, रामसिंह कुशवाहा, हाजी मोहम्मद फैयाज, छोटेलाल प्रजापति, संजू चौधरी, अंकुल बड़ोनिया, कल्याण पटेल, राघवेंद्र सिंह जरया, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह बेसरा, संतोष अहिरवार, रामबगश, भूपेंद्र सरवैया, इमरान खान, तुलाराम राजपूत, ठाकुरदास, खुशीराम कुशवाहा, अर्जुन लाल, सुनील साहू, कमलेश चौधरी, गुडडू भारती, वृंदावन, सुशील, मीना मौजूद रहे।

महरौनी में बाजार से घर लौटते समय हुई घटना, हाथ की उंगलियां कटने का दावा

10 हजार रुपए चंदा न देने पर महिला पर चाकू से हमला करने का आरोप, पांच पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महरौनी कस्बे के मोहल्ला लुहरयाना में चंदे की मांग को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि 10 हजार रुपये चंदा देने से इनकार करने पर महिला को रोककर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। विरोध करने पर एक आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे महिला के हाथ की उंगलियां कट गईं। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट करने और कागजात से भरी पॉलीथिन छीनकर ले जाने का आरोप लगाया गया है। न्यायालय के आदेश पर महरौनी पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहल्ला लुहरयाना निवासी रानी पत्नी प्रशांत शर्मा ने न्यायालय के माध्यम से दी गई शिकायत में बताया कि 3 अगस्त को शाम करीब 5.30 बजे वह बाजार से अपने घर लौट रही थीं।

इंदिरा चौराहे के पास उन्हें उनके पति प्रशांत शर्मा और पुत्र निशान्त मिले, जो तहसील से लौट रहे थे। उन्होंने कागजात से भरी एक पॉलीथिन महिला को देते हुए उसे घर पर सुरक्षित रखने के लिए कहा। जब रानी शेरसिंह के घर के सामने वाली गली से गुजर रही थीं, तभी वहां कुणाल पुत्र विनोद, संतोष पुत्र छोटेलाल और विनोद पुत्र छोटेलाल ने उन्हें रोक लिया। तीनों ने उनसे चंदे के रुपये मांगे और गाली-गलौज करते उनके पति को जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर कुणाल ने उनके पेट पर चाकू से वार कर दिया। महिला के अनुसार, हाथ से वार रोकने का प्रयास किया, जिससे उनके हाथ की उंगलियां कट गईं। शोर सुनकर पति प्रशांत शर्मा, पुत्र निशान्त और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान नेहा पत्नी संतोष और अंगूरी पत्नी विनोद भी वहां आ गईं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की तथा कागजात से भरी पॉलीथिन छीनकर मौके से चले गए। रानी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनसे 10 हजार रुपये चंदे के रूप में मांगे जा रहे थे। रुपये नहीं देने पर आरोपियों ने उन्हें मोहल्ले में नहीं रहने देने और हरिजन एक्ट तथा दुष्कर्म जैसे मामलों में झूठा फंसा ने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मोहल्ला लुहरयाना, महरौनी कुणाल पुत्र विनोद, संतोष पुत्र छोटेलाल, विनोद पुत्र छोटेलाल, नेहा पत्नी संतोष, अंगूरी पत्नी विनोद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

जिला उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

जैन ने की पदाधिकारियों की घोषणा, प्रदेश अध्यक्ष कंछल के निर्देशों अनुरूप होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला उद्योग व्यापार मंडल (कंछल गुट) की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर नई कमेटी की घोषणा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष सुरेश जैन बड़ेरा ने संगठन को अधिक सक्रिय, मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पूर्व जिला कमेटी को भंग करने के बाद नई कार्यकारिणी गठित की है। नई कमेटी में वरिष्ठ महामंत्री, संयुक्त महामंत्री, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधिक सलाहकार, संगठन मंत्री और जिला मंत्रियों सहित विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष सुरेश जैन बड़ेरा ने बताया कि नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी अनुशासन के साथ व्यापार मंडल की नीतियों को लागू करेगी। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बनवारी लाल कंछल के निर्देशों का पालन करते हुए व्यापारियों के हितों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए शासन और प्रशासन के सहयोग से प्रभावी प्रयास किए जाएंगे, ताकि समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में व्यापार मंडल के सभी प्रांतीय पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, उद्योग मंच, नगर कमेटी, जिला युवा कमेटी और नगर युवा कमेटी के पदाधिकारी पूर्व की भांति अपने पदों पर यथावत रहते हुए सक्रियता से कार्य करते रहेंगे। नई जिला कार्यकारिणी संगठन की गरिमा बनाए रखने के साथ व्यापारियों को एकजुट करने और उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान कराने की दिशा में काम करेगी। घोषित कार्यकारिणी में प्रदीप जैन सतरवांस को जिला वरिष्ठ महामंत्री, अभिषेक अनौरा को जिला संयुक्त महामंत्री तथा सिद्धेश्वर जमोरया को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर राजू सिंधी, राघवेन्द्र सिंह बुन्देला बॉबी राजा नाराहट और रवीन्द्र दिवाकर को जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष पद पर सुधांशु शेखर हुंडैत, सुरेन्द्र लारिया, हरिसिंह बुन्देला, विजय पहलवान, प्रदीप खजुरिया, मु.इकराम, रवि राजा चौहान, अरविन्द साडूमल, अरविन्द जैन नेता, अनिल मामा भान्जा, अजय डयोडिया, अजय जैन और शैलेन्द्र सिंघई को शामिल किया गया है।

व्यापारियों को कानूनी मामलों में मार्गदर्शन देने के लिए अखिलेश शर्मा एड. को जीएसटी संबंधी विधिक सलाहकार तथा नीरज मोदी एड.को सिविल विधिक सलाहकार बनाया गया है। जिला संगठन मंत्री के रूप में नन्द किशोर सोनी, मु.दाऊद, मगनलाल सोनी, ललित जैन लल्लू, शिखरचंद पत्थर, अशोक कुमार स्वर्णकार, संजय जैन सुल्लन और अभिषेक मुच्छाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला मंत्री पद पर सुबोध गोस्वामी, विजय काफी हाउस, जय कुमार पाली, जितेन्द्र सोनी, वॉवी सरदार, जिनेन्द्र जैन क्वालिटी, हरविन्दर सिंह सलूजा, अनिल चौधरी, संजीव सौरया, प्रभात लागोन, राघवेन्द्र सिंह राजा खोंखरा, भाग चन्द राजकमल, राजकुमार साहू और आदर्श श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष सुरेश जैन बड़ेरा ने उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए व्यापारियों के हितों के लिए मिलकर कार्य करेंगे। नई कार्यकारिणी के गठन से व्यापार मंडल की संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने की बात कही गई है।

अपर जिला व सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष का सश्रम कारावास, 14,500 रुपए जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दुष्कर्म के एक मामले में प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 14,500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला 26 अक्टूबर 2026 को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा सुनाया गया। मामले में बानपुर पुलिस, कोर्ट पैरोकार और अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी की। बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम वीर निवासी सुजान सिंह पुत्र कैलाश सिंह यादव के विरुद्ध थाना बानपुर में वर्ष 2020 में मुकदमा अपराध संख्या 42/2020 दर्ज किया गया था। अभियुक्त के खिलाफ आईपीसी की धारा 452, 376, 323, 504 और 506 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। डीजीपी लखनऊ के निर्देशन तथा एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देश पर जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र और अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की जा रही है। इसी क्रम में उक्त मामले में भी पुलिस अधीक्षक द्वारा निरंतर पैरवी सुनिश्चित कराई गई।

पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश

एक नवंबर को लगेगा मेगा सेवा सहायता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव कुमार-तृतीय के दिशा-निर्देशन में एक नवंबर 2026 को कल्याण सिंह सभागार में मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर विभागीय स्तर पर कार्य तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में जनपद न्यायालय सभागार कक्ष में न्यायिक अधिकारियों की समिति और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रविशंकर गुप्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत ने विभागों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि शिविर के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

मिशन शक्ति टीम ने पेश की मानवता की मिसाल

प्रसव के लिए आई महिला को कक्ष तक पहुंचाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़ावरा (ललितपुर)।



महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत मड़ावरा थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावरा में प्रसव के लिए आई एक महिला की सहायता कर पुलिस के मानवीय दायित्व का निर्वहन किया। बुधवार को एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद में मिशन शक्ति फेज-6 अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना मड़ावरा की मिशन शक्ति टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावरा पहुंची प्रसव पीड़ित महिला की मदद की। टीम ने महिला को प्रसव कक्ष तक पहुंचाने में सहयोग किया। इसके बाद प्रसव की प्रक्रिया पूरी होने तक टीम सदस्य प्रसव कक्ष के बाहर मौजूद रहे और आवश्यक सहयोग प्रदान किया। पुलिस टीम की इस पहल से जरूरत के समय महिला को सहायता उपलब्ध कराई गई। जनपद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जरूरतमंद महिलाओं की सहायता भी की जा रही है। मड़ावरा थाना पुलिस की इस पहल को पुलिस के संवेदनशील और जनसेवा से जुड़े स्वरूप के रूप में देखा जा रहा है।

■ **प्रसव होने तक बाहर रहकर दिया आवश्यक सहयोग**

इन खतरनाक गनों से प्रदेश के कई जिलों में झुलस चुके हैं बच्चे व अन्य

दीपावली पर कार्बाइन गन, पोटाश गन प्रतिबंधित, आदेश हुआ जारी

पुलिस एवं राजस्व अधिकारी करेंगे सतत निरीक्षण व निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

दीपावली पर्व पर आमजन की सुरक्षा एवं संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेशानुसार जिले में कार्बाइड गन, कार्बाइड लैम्प, पोटाश गन तथा ऐसी आतिशबाजी एवं पटाखे जिनमें बेरियम लवण, पारा एंटीमनी, आर्सेनिक, सीसा एवं स्ट्रॉन्शियम क्रोमेट का उपयोग किया गया हो, के क्रय-विक्रय, वितरण तथा सार्वजनिक अथवा व्यावसायिक प्रयोजन के लिए भंडारण पर प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार ऐसे पटाखे जिनकी विस्फोटक तीव्रता विस्फोटक स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक हो, प्रतिबंधित रहेंगे। आदेश के तहत सार्वजनिक स्थानों,



बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केन्द्रों, न्यायालयों, गैस गोदाम, पेट्रोल पम्प, पटाखा बाजार एवं धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार की आतिशबाजी का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

आदेश के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्यवाही

जारी आदेशानुसार पटाखों एवं आतिशबाजी का ई-कॉमर्स कंपनियों एवं निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन विक्रय तथा गैर-लाइसेंसी व्यक्तियों द्वारा विक्रय भी प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश संपूर्ण राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत वैधानिक एवं दाण्डिक कार्यवाही की जाएगी।

अधिकारियों की रहेगी आदेश का पालन करवाने की जिम्मेदारी

जिले में आदेश के प्रभावी पालन के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक निरीक्षण एवं निगरानी की जाएगी। समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित करेंगे।

पूर्व के सालों में हो चुकी हैं काफी घटनाएं

आपको बतादें कि पूर्व के सालों में राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कार्बाइड गन, पोटाश गन से बच्चों समेत अन्य व्यक्तियों के घायल होने काफी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ मामलों में बच्चे अपनी आंखे तक खो चुके हैं। पोटाश गन से न केवल हाथ चोटिल हुए बल्कि शरीर के अन्य अंग भी बुरी तरह झुलसे हैं। इन्हीं सब मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

करवा चौथ पर मिसाल : 27 साल से पति-पत्नी दोनों रख रहे हैं एक-दूसरे की लंबी उम्र के लिए व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जब करवा चौथ की बात आती है तो अक्सर पत्नी द्वारा पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने की परंपरा का जिक्र होता है, लेकिन मंदसौर में एक जोड़ी ऐसी भी है जो इस परंपरा को समानता और आपसी सम्मान की मिसाल बनाकर पिछले 27 वर्षों से एक-दूसरे की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रख रही है। यह प्रेरक जोड़ी है महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं बाल कल्याण समिति मंदसौर की प्रथम महिला सदस्य रहीं बबीता सिंह तोमर और शहर कांग्रेस



के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ अभिभाषक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राघवेन्द्र सिंह तोमर की।

निभा रहे परंपरा

राजनीति, समाजसेवा और व्यवसाय की भागदौड़ भरी जिंदगी के बावजूद यह दंपति परिवार को सर्वोपरि मानता है। 27 वर्षों से लगातार बिना किसी रुकावट के दोनों करवा चौथ का व्रत रख रहे हैं । डॉ. तोमर और बबीतासिंह तोमर सामाजिक परिवर्तन के सिपाही भी हैं। कई वर्षों से नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी और उनके परिवार से व्यक्तिगत रूप से जुड़ी हुई हैं और बच्चों के अधिकारों, बाल संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

दशहरा मिलन समारोह में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर हुई चर्चा



खुजनेर। सर्व सेन समाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति के तत्वावधान में खुजनेर में दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें राजगढ़ जिले के विभिन्न शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समारोह में समाज की एकता, अखंडता और आपसी सहयोग को मजबूत करने के साथ विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर चर्चा की गई। साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और जरूरत के समय एक-दूसरे का सहयोग करने पर जोर दिया गया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोपाल सेन, नगर अध्यक्ष टीकाराम सेन, ग्रामीण अध्यक्ष देवकरण सेन सहित समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि व संत रविदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला

संत रविदास के विचार सामाजिक समरसता के लिए आज भी प्रासंगिक : देशपांडे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत के मंदसौर विभाग एवं जिला के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष एवं अशोक जी सिंघल के 100 वे जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम, महू-नीमच रोड, मंदसौर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने अपने बौद्धिक में महर्षि वाल्मीकि जी एवं संत रविदास जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी किसी एक जाति विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज के वंदनीय एवं पूजनीय महापुरुष हैं। उनके जीवन और योगदान को संपूर्ण समाज की साझा विरासत के रूप में देखना चाहिए। देशपांडे ने संत रविदास जी के विचारों की व्याख्या करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने जन्म के आधार पर ऊंच-नीच के भेदभाव का विरोध किया और व्यक्ति के गुण, कर्म एवं आचरण को महत्व दिया। उनके विचार समानता, परस्पर सम्मान और सामाजिक एकता की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने संत रविदास जी की गुरु परंपरा का उल्लेख करते हुए स्वामी रामानंदाचार्य जी तथा संत कबीर, संत धन्ना और संत सेना नाई जैसे संतों का संदर्भ दिया।

उन्होंने संत रविदास की वाणी में निहित पराधीनता के विरोध और आत्मसम्मान के संदेश को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में आपसी भेदभाव और फूट से सामूहिक शक्ति कमजोर होती है, जबकि एकता और संगठन से समाज सशक्त बनता है। संत रविदास जी का जीवन एवं उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और समाज जागरण के लिए प्रासंगिक हैं। बौद्धिक में संत रविदास जी के व्यापक प्रभाव का उल्लेख करते हुए मीराबाई सहित उनके अनुयायियों एवं उनसे प्रभावित विभिन्न वर्गों के लोगों का संदर्भ भी दिया गया। उन्होंने कहा कि संत महापुरुषों के विचारों को जीवन में अपनाकर समाज में आपसी सद्भाव, सम्मान और समरसता को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभुलाल सूर्यवंशी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सामाजिक समरसता के महत्त्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने संत महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात कर समाज में एकता, सद्भाव और परस्पर सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा शास्त्री , कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभुलाल सूर्यवंशी, विशेष अतिथि बसंत परमार, विहिप मालवा प्रांत संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव, विहिप प्रांत सह सामाजिक समरसता प्रमुख शिव प्रसाद शर्मा, विहिप मंदसौर विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला एवं विहिप जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण मण्डलोई मंचासीन रहे।

मंदसौर जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर राहत दे सरकार : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने इस वर्ष मंदसौर जिले में औसत से कम बारिश होने की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कम बारिश के चलते खेती-किसानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। ऐसे में सरकार को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय रहते राहत के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

गुर्जर ने कहा कि मंदसौर जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा खेती पर निर्भर है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से फसलों की वृद्धि, उत्पादन और किसानों की आय प्रभावित हो सकती है। पहले से ही खेती की बढ़ती लागत और कृषि संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे किसानों के लिए कम बारिश चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को जिले में हुई बारिश के आधिकारिक आंकड़ों और फसलों की वास्तविक स्थिति का तत्काल आकलन करवाना चाहिए। राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीमों के



माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर किसानों को हुए नुकसान की स्थिति स्पष्ट की जाए। आंकलन के आधार पर मंदसौर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सके।

गुर्जर ने मांग की कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा एवं राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पात्र किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने और कृषि संकट से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि संकट के समय वास्तविक राहत की जरूरत है। प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि वह किसानों की समस्याओं को गंभीरता से समझे और उनके हित में समयबद्ध निर्णय ले। गुर्जर ने प्रदेश सरकार से मांग की कि मंदसौर जिले में कम बारिश की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सर्वे एवं आवश्यक आकलन कराया जाए तथा किसानों के हित में जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने और प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं।

जिला चिकित्सालय के टीबी वार्ड में छत का प्लास्टर गिरा

राजगढ़। जिला चिकित्सालय के पुराने भवन स्थित खजूर वाले वार्ड में संचालित हो रहे टीबी वार्ड में एक घटना हो गई। सोमवार दोपहर इस वार्ड की छत का प्लास्टर अचानक भर-भराकर गिर गया। प्लास्टर मरीजों के पलंगों के समीप गिरा। अगर वह मरीजों पर गिरता तो अनहोनी हो सकती थी। जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय का नया भवन काफी पहले बन चुका है और सभी वार्ड नए भवन में ही संचालित हो रहे हैं। अकेले, टीबी वार्ड अभी भी पुराने भवन के खजूर वाले वार्ड में स्थित है। इस वार्ड में कुछ मरीज भती हैं। इन्हीं मरीजों के पलंग के पास यह प्लास्टर गिरा है। आपको बतादें कि पुराना अस्पताल भवन रियासतकालीन होकर काफी पहले जर्जर घोषित किया जा चुका है। यही कारण है कि नई बिल्डिंग बनाने की आवश्यकता पड़ी थी। इस घटना ने टीबी मरीजों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।



स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंदसौर जिले में 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, तंबाकू नियंत्रण संबंधी कानूनी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना तथा शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त वातावरण प्रदान करना है। अभियान के पहले दिन जिला चिकित्सालय परिसर मंदसौर से नर्सिंग कॉलेज की युवा स्टूडेंट द्वारा हरी झंडी दिखाकर तंबाकू मुक्त जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला प्रशिक्षण केंद्र मंदसौर में संपन्न हुई। इसके साथ ही, गांधी चौराहा मंदसौर





पर एक विशाल मानव श्रृंखला भी बनाई गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान आगामी 60 दिवस यानी 26 दिसंबर 2026 तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा। इस निर्धारित अवधि में जिले के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों, युवाओं और अन्य संबंधित हितधारकों के समन्वित प्रयासों से तंबाकू नियंत्रण संबंधी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस शुभारंभ अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत, नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) डॉ. लेखा तंवर, आरएमओ डॉ. सौरव मंडवारिया, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष वर्मा, शहरी नोडल अधिकारी डॉ. अर्पित यति, जिला मीडिया अधिकारी डॉ. एम.एल. कश्यप, नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स, आशा कार्यकर्ता तथा जिला अस्पताल के चिकित्सक एवं नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे।